राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की शारदीय नवरात्र स्थापना पर शुभकामनाएं

जयपुर, 6 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शारदीय नवरात्र स्थापना (7 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि शारदीय नवरात्र मां भगवती के नौ रूपों में मातृशक्ति की उपासना का पर्व है। उन्होंने कामना की है कि शारदीय नवरात्र पर्व सभी के लिए सुख–समृद्धि, धन–धान्य और सभी प्रकार से मंगल लेकर आए।

——

एम.बी.एम. विश्वविद्यालय, जोधपुर के नव नियुक्त कुलपति ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 6 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में एम.बी.एम. विश्वविद्यालय, जोधपुर के नवनियुक्त कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल से संवाद के दौरान प्रो. शर्मा ने विश्वविद्यालय में शैक्षिक उन्नयन से संबंधित अपनी प्राथमिकताओं के बारे में अवगत कराया। राज्यपाल ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

——